ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 10

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 50 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **नीले/काले बॉलपेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **50 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णत: **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खंड (क)

**निर्देश : इस खंड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. जल में जन्म लेने के कारण कमल को क्या कहा जा सकता है?
   (A) नीरज (B) अरविंद
   (C) वारिज (D) जलज

2. 'पंडित जी बाजार गए हैं' वाक्य के रेखांकित पद का लिंग परिवर्तन करते हुए सही वाक्य बनेगा–
   (A) पंडितानी जी बाज़ार गए हैं। (B) पंडितानी जी बाज़ार गई हैं।
   (C) पंडिताइन जी बाज़ार गई हैं। (D) पंडिताइन बाज़ार गई है।

3. 'आपकी साड़ी बहुत सुंदर है।' वाक्य के रेखांकित पद का सही पद-परिचय है–
   (A) सर्वनाम, मध्यम पुरुष, आदरसूचक स्त्रीलिंग, बहुवचन, संबंध कारक में।
   (B) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक में।
   (C) सार्वनामिक विशेषण, पुलिंग, एकवचन, संबंध कारक में।
   (D) सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक में।

4. 'मुफ़्त की वस्तु के दोष नहीं देखे जाते।' अर्थ को व्यक्त करने वाली उपयुक्त लोकोक्ति है–
   (A) बकरे की माँ कब तक ख़ैर मनाएगी (B) मंगनी के बैल के दाँत नहीं देखे जाते
   (C) यह मुँह और मसूर की दाल (D) जिसकी लाठी उसकी भैंस

5. मध्यकाल में काव्य की भाषा के रूप में किस भाषा का प्रयोग होता था?
   (A) खड़ी बोली (B) ब्रजभाषा तथा अवधी
   (C) खड़ी बोली तथा मैथिली (D) भोजपुरी तथा मैथिली

6. 'तुम्हारे देवर ने झूठ क्यों बोला?' वाक्य के रेखांकित पद का लिंग और वचन बदल कर बनाया गया सही वाक्य है–
   (A) तुम्हारे देवरों ने झूठ क्यों बोला? (B) तुम्हारे देवरानीयों ने झूठ क्यों बोला?
   (C) तुम्हारी देवरानियों ने झूठ क्यों बोला? (D) तुम्हारी देवरानी ने झूठ क्यों बोला?

7. 'चारों ओर भागती भीड़ नारे लगा रही थी।' वाक्य का रेखांकित पद है–
   (A) अकर्मक क्रिया (B) गुणवाचक विशेषण
   (C) सकर्मक क्रिया (D) क्रियात्मक विशेषण

8. 'युद्धभूमि में पुत्र की बहादुरी की प्रशंसा सुनकर राणा जी की ........।' वाक्य के रिक्त स्थान में आने वाला उपयुक्त मुहावरा है–
   (A) आँखें खुलना (B) बाँछें खिलना
   (C) मुँह तोड़ जवाब देना (D) नाक-भौं चढ़ना

9. मानक वर्तनी के नियमानुसार दो व्यंजन वर्णों को मिलाकर लिखते समय किस व्यंजन वर्ण के नीचे हलंत लगाकर लिखा जाता है?
   (A) जिन वर्णों के मध्य में खड़ी पाई आती है। (B) जिन वर्णों के अंत में खड़ी पाई आती है।
   (C) उन सभी वर्णों के नीचे जिनमें खड़ी पाई नहीं आती। (D) 'र्' वर्ण छोड़कर सभी खड़ी पाई रहित व्यंजन-वर्णों के नीचे।

10. 'मुझसे वह चित्र न बनाया जा सका।' वाक्य वाच्य की दृष्टि से किस प्रकार का है?
   (A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
   (C) भाववाच्य (D) तीनों उत्तर ग़लत।

11. मुझे दाल मक्खनी और तंदूरी रोटी बहुत पसंद है।' वाक्य के रेखांकित पदबंध का भेद है–
   (A) विशेषण पदबंध (B) संज्ञा पदबंध
   (C) क्रियाविशेषण पदबंध (D) तीनों उत्तर ग़लत।

12. "मेरे को इस प्रश्न की उत्तर नहीं आती।" वाक्य का शुद्ध रूप है–
   (A) मेरे को इस प्रश्न का उत्तर नहीं आता। (B) मुझको इस प्रश्न की उत्तर नहीं आती।
   (C) मुझको इस प्रश्न के उत्तर नहीं आता। (D) मुझे इस प्रश्न का उत्तर नहीं आता।

13. 'माता जी से चला नहीं जाता।' वाक्य का रेखांकित संज्ञापद किस कारक में है?
   (A) करण कारक (B) कर्त्ता कारक
   (C) अपादान कारक (D) कर्म कारक

14. कौन-सा वाक्य विस्मयादिबोधक वाक्य है?
   (A) धत्! सब गड़बड़ हो गया। (B) यदि तुम भी चलोगे तो अच्छा है।
   (C) शायद, वह न आए। (D) आपकी यात्रा शुभ हो।

15. 'सुराग न मिलना' मुहावरे का प्रयोग किस वाक्य में उचित ढंग से हुआ है?
   (A) पुलिस ने बहुत कोशिश की पर चोरों का सुराग न मिला।
   (B) चोरों ने दीवार में सुराग ढूँढ़ने की कोशिश की पर दीवार में कोई सुराग नहीं था।
   (C) उन्होंने बहुत सुंदर राग छेड़ा पर फिर भी उन्हें सुराग नहीं मिल पाया।
   (D) उन लोगों को सुराग कभी नहीं मिलता जो राग का अर्थ तक नहीं जानते।

16. "(क) वह बाज़ार गई। (ख) उसने अपने लिए जूते खरीदे।" दोनों वाक्यों के संश्लेषण से बना मिश्र वाक्य कौन-सा है?
   (A) बाज़ार जाकर उसने अपने लिए जूते खरीदे। (B) वह बाज़ार गई और उसने अपने लिए जूते खरीदे।
   (C) जब वह बाज़ार गई तब उसने अपने लिए जूते खरीदे। (D) इनमें से कोई नहीं।

17. 'ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ' वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–
   (A) हरदय (B) हिरदय
   (C) हृदय (D) ह्दय

18. 'आदि से अंत तक' के लिए एक शब्द कौन-सा है?

(A) आद्यांत (B) उपांत

(C) आद्योपांत (D) अनंत

19. 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग-बहुवचन रूप कौन-सा है?

(A) पंडितानी (B) पंडितानियाँ

(C) पंडिताइनें (D) पंडितानीयाँ

20. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(A) ऊँचाई (B) प्यारा

(C) यौवन (D) प्रार्थना

21. किस शब्द में अनुनासिक का प्रयोग हुआ है?

(A) हिंदी (B) गन्ना

(C) भैंस (D) तीनों में से किसी में नहीं।

22. किस वाक्य में रेखांकित सर्वनाम संबंधवाचक सर्वनाम है?

(A) वह अपना काम <u>स्वयं</u> करती है। (B) मेरी बात <u>कोई</u> नहीं सुनता।

(C) आप <u>क्या</u> खाना पसंद करेंगे? (D) <u>जो</u> परिश्रम करेगा, <u>वह</u> अवश्य सफल होगा।

23. 'वह बहुत <u>धीरे-धीरे</u> लिख रही है।' वाक्य के रेखांकित पद का भेद है–

(A) संबंधबोधक अव्यय (B) परिमाणवाची क्रियाविशेषण

(C) रीतिवाची क्रियाविशेषण (D) यौगिक क्रियाविशेषण

24. 'वे लोग कल चले गए थे। वे लोग फिर वापस आ गए हैं।' दोनों वाक्यों के संश्लेषण से बनाया गया मिश्र वाक्य कौन-सा है?

(A) यद्यपि वे लोग कल चले गए थे पर फिर वापस आ गए हैं। (B) जो लोग कल चले गए थे, वे वापस आ गए हैं।

(C) वे लोग कल चले गए थे और आज वापस आ गए हैं। (D) फिर वापस आने वाले लोग कल चले गए थे।

25. '<u>वह</u> लड़का कहाँ गया, जो यहाँ खड़ा था।' वाक्य के रेखांकित पद का भेद है–

(A) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम (B) निश्चयवाचक सर्वनाम

(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम (D) सार्वनामिक विशेषण

26. किस वाक्य में 'से परसर्ग' का प्रयोग अधिकरण कारक के लिए हुआ है?

(A) <u>पिता जी से</u> अब काम नहीं होता। (B) वह <u>पेंसिल से</u> चित्र बनाती है।

(C) बुआ जी सुबह वाली <u>ट्रेन से</u> आई थीं। (D) बुआ जी ने मुझे अपने <u>गले से</u> लगा लिया।

27. कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है?

(A) ऊन (B) कामधेनु

(C) ईमानदारी (D) भावुकता

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

भगवान श्रीकृष्ण विष्णु जी के आठवें अवतार माने जाते हैं। यह श्रीविष्णु का सोलह कलाओं से पूर्ण भव्यतम अवतार है। श्रीराम तो राजा दशरथ के यहाँ एक राजकुमार के रूप में अवतरित हुए थे, जबकि श्रीकृष्ण का प्रकाट्य आततायी कंस के कारागार में हुआ था। श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि को रोहिणी नक्षत्र में देवकी व श्रीवसुदेव के पुत्र रूप में हुआ था। कंस ने अपनी मृत्यु के भय से बहिन देवकी और वसुदेव को कारागार में कैद किया हुआ था। कृष्ण जन्म के समय घनघोर वर्षा हो रही थी। चारों तरफ़ घना अंधकार छाया हुआ था। श्रीकृष्ण का अवतरण होते ही वसुदेव-देवकी की बेड़ियाँ खुल गईं, कारागार के द्वार स्वयं ही खुल गए, पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए।

28. भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के विषय में कौन-सा कथन असत्य है?

(A) श्रीकृष्ण भगवान विष्णु के आठवें अवतार थे।

(B) श्रीकृष्ण के रूप श्रीविष्णु का अवतार अठारह कलाओं से पूर्ण है।

(C) श्रीकृष्ण का जन्म कंस के कैदखाने में हुआ था।

(D) तीनों उत्तर सही।

29. कंस ने देवकी और वसुदेव को कैद क्यों किया था?

(A) कंस अपनी बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को पसंद नहीं करता था।

(B) कंस को डर था कि वसुदेव उसे हराकर स्वयं राजा न बन जाएँ।

(C) कंस को यह ज्ञात हो गया था कि देवकी-वसुदेव की आठवीं संतान उसका वध करेगी।

(D) तीनों उत्तर ग़लत।

30. कृष्ण-जन्म के समय निम्नलिखित में से कौन-सी घटना नहीं घटी थी?

(A) वसुदेव और देवकी की बेड़ियाँ स्वतः खुल गईं।

(B) कारागार के द्वार पहरेदारों ने खोल दिए।

(C) पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए।

(D) तीनों उत्तर सही।

## खंड ( ख )

**निर्देश : इस खंड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. निम्नलिखित में से कौन-सी दो ध्वनियाँ स्वर नहीं हैं?

(A) अनुनासिक

(B) अनुस्वार

(C) विसर्ग

(D) दीर्घ स्वर

32. अधिकरण तत्पुरुष समास के दो उदाहरण कौन-से हैं?

(A) डाकगाड़ी

(B) दानवीर

(C) विचारमग्न

(D) जेबकतरा

33. किन दो वाक्यों में द्विकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(A) माँ ने बच्चों को मिठाई बाँटी।

(B) मैंने कल एक फ़िल्म देखी।

(C) नौकर ने बच्चे को सुलाया।

(D) मैंने अपनी किताबें ग़रीब बच्चों को दीं।

34. किन दो वाक्यों में रेखांकित पद सार्वनामिक विशेषण हैं?

(A) मेरा क्या है, मै इतने से ही काम चला लूँगा।
(B) मेरा कमरा छोटा है, पर मैं इसी से काम चला लूँगा।
(C) इसे ज़रूर पढ़िए, आपको अच्छा लगेगा।
(D) इस किताब को पढ़िए, आपको अच्छा लगेगा।

35. निम्नलिखित में से कौन-से दो उदाहरण बहुव्रीहि समास के हैं?

(A) चतुर्भुज = चार भुजाएँ हैं जिसकी अर्थात ब्रह्मा
(B) त्रिनेत्र = तीन नेत्रों का समूह
(C) चतुर्भुज = चार भुजाएँ हैं जिसकी अर्थात विष्णु
(D) त्रिफला = तीन फलों का समाहार

36. निम्नलिखित में से किन दोनों ने पांडवों के पक्ष में युद्ध किया था?

(A) धृष्टद्युम्न
(B) शिखंडी
(C) द्रोणाचार्य
(D) अश्वत्थामा

37. कौन-से दो नृत्य महाराष्ट्र के हैं?

(A) लावनी
(B) भरतनाट्यम
(C) गरवा
(D) कोली

38. जगन्नाथ पुरी के मंदिर में निम्नलिखित में से किन दो की मूर्तियाँ हैं?

(A) श्रीकृष्ण
(B) हनुमान
(C) बलराम
(D) नंदी

39. निम्नलिखित में से किन दो का संबंध भाषा परिवर्तन के कारणों से नहीं है?

(A) स्थान विशेष की जलवायु
(B) ध्वनियों का लोप
(C) पीढ़ियों के अंतर
(D) भाषा-भाषियों की व्यक्तिगत पसंद तथा नापसंद

40. 'आगत' ध्वनियाँ की दो विशेषताएँ कौन-सी हैं?

**उत्तर–**'आगत' ध्वनियाँ वे ध्वनियाँ हैं–

(A) जो हिंदी में संस्कृत भाषा से आई हैं।
(B) जो संस्कृत में नहीं थीं पर हिंदी में विकसित हो गई हैं।
(C) जो अन्य भाषाओं जैसे अरबी-फ़ारसी आदि के शब्द हिंदी में आ जाने के कारण आ गई हैं।
(D) आगत ध्वनियों का उच्चारण हिंदी की मूल ध्वनियों से भिन्न है।

41. कौन-से दो शब्द उपसर्ग तथा प्रत्यय से मिलकर बने हैं?

(A) अनुकरणीय
(B) अभिज्ञान
(C) अभ्यास
(D) अभियोगी

42. कौन-से दो उदाहरण अव्ययीभाव समास के हैं?

(A) भरपेट
(B) राधा-कृष्ण
(C) प्रतिवर्ष
(D) चंद्रमुखी

43. 'लिपि' के संबंध में कौन-से दो कथन असत्य हैं?
    (A) संसार की विभिन्न भाषाओं को लिखने के लिए अनेक लिपियों का प्रयोग किया जाता है।
    (B) हिंदी, मराठी, संस्कृत, नेपाली भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं।
    (C) पंजाबी भाषा की लिपि भी देवनागरी है।
    (D) देवनागरी लिपि दाईं ओर से बाईं ओर को लिखी जाती है।

44. कौन-से दो वाक्य निषेधात्मक वाक्य हैं?
    (A) उधर जाकर मत बैठो।
    (B) आप कब तक लौट आएँगे?
    (C) अब वह मुझसे क्यों बात करेगी।
    (D) आप वहाँ जाएँगे तो अच्छा होगा।

45. किन दो कवियों के नाम ग़लत लिखे गए हैं?
    (A) भारतेंदु रामचंद्र
    (B) जयशंकर प्रसाद
    (C) मैथिली शरण शुक्ल
    (D) सुमित्रानंदन पंत

46. निम्नलिखित शब्दों में कौन-से दो देशज शब्द हैं?
    (A) थप्पड़
    (B) लोटा
    (C) काम
    (D) दही

47. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द संकर शब्द हैं?
    (A) टिकट घर
    (B) जय-शंकर
    (C) ख़ून-पसीना
    (D) धर्म-संकट

48. कौन-से दो शब्द विसर्ग संधि के उदाहरण हैं?
    (A) नमस्ते
    (B) उद्धार
    (C) मनोरथ
    (D) संकल्प

49. कबीर की भाषा की दो विशेषताएँ कौन-सी हैं?
    (A) कबीर की भाषा संस्कृत शब्दों से युक्त है।
    (B) कबीर की भाषा को खिचड़ी भाषा कहा जाता है।
    (C) कबीर भाषा के तानाशाह थे, जिस बात को उन्होंने जिस रूप में कहना चाहा कह दिया।
    (D) कबीर की भाषा में सहजता का अभाव है।

50. 'क्रोध करने' से संबंधित कौन-से दो मुहावरे हैं?
    (A) आग बबूला होना
    (B) आँसू पोंछना
    (C) ईंट का जवाब पत्थर से देना
    (D) आँखें दिखाना

GRADE
10

हिंदी